


8695 करोड़ रुपए के पार हुई कमाई, यह बीते आठ महीने में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों का कुल कलेक्शन है।

ओटीटी रिलीज

एक्शन के साथ रोमांस का डोज



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

ओटीटी पर इस हफ्ते कॉमेडी, एक्शन, रोमांस और थ्रिल का डोज दर्शकों के लिए इंतजार कर रहा है। यह हर उम्र के दर्शकों को आकर्षित कर सकती हैं।

- **मद्रासी**

कहां देखें: प्राइम वीडियो

कहानी: यह एक एक्शन थ्रिलर है जिसमें शिवकार्तिकेयन मुख्य भूमिका में हैं। यह एक एनआइए अधिकारी की कहानी है, जो तमिलनाडु में हथियारों की आमद को रोकने के लिए जाता है

- **द गेम यू नेवर प्ले अलोन**

कहां देखें: नेटफ्लिक्स

कहानी: लीड किरदार एक महिला गेम डवलपर है और उसका पति भी एक बेहद सफल गेम डवलपर है। जब वह सफलता प्राप्त करती है, तो उसे पहले ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है और जल्द ही शारीरिक हमला हो जाता है

- **13th**

कहां देखें: सोनी लिव

कहानी: यह एक सफल वेंचर कैपिटलिस्ट रितेश की कहानी है, जो फॉर्मर आइआइटी-जेईई मेंटर की मदद से एक एड-टेक स्टार्टअप शुरू करने के लिए कॉर्पोरेट नौकरी छोड़ देता है।

फिल्मी पहेली



सनी देओल की 1985 में रिलीज हुई किस फिल्म का सीन है।
जवाब वाट्सऐप करें
9057531584

पिछला जवाब



यह किस कलाकार के बचपन का फोटो है...
सही जवाब है ऋतिक रोशन

तेलुगू सिनेमा

‘अखंडा 2’ में नंदमुरी रौद्र रूप



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

तेलुगू सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण एक बार फिर चर्चा में हैं। उनकी फिल्म ‘अखंडा’ के दूसरे भाग ‘अखंडा 2’ की रिलीज तारीख 5 दिसंबर तय की गई है। इस फिल्म का निर्देशन बोयापाटी श्रीनु ने किया है। ‘अखंडा 2’ के पोस्टर में नंदमुरी का भयंकर किरदार नजर आया है। लंबे बाल, दाढ़ी, गले में रुद्राक्ष की माला, और हाथ में त्रिशूल पकड़े उनका यह किरदार प्रशंसकों को उत्साहित कर रहा है।

चर्चित फिल्म

रणवीर सिंह की फिल्म में ‘जॉम्बी’



अभिनेता रणवीर सिंह की आगामी फिल्म ‘जॉम्बी’ पर आधारित होगी, जिसका अस्थायी टाइटल ‘प्रलय’ रखा गया है। फिल्म का निर्देशन जय मेहता संभाल रहे हैं। फिलहाल फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम जोरों पर है। रणवीर ‘प्रलय’ की स्क्रिप्ट से बेहद प्रभावित हैं। ‘डॉन 3’ पूरी करने के बाद वे अगले साल इसकी शूटिंग शुरू कर सकते हैं। फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन कहा जा रहा है कि यह एक मानवीय कहानी पर आधारित होगी, जो दर्शकों को बांधे रखेगी।

फिल्म समीक्षा | ऋषभ शेट्टी का वन-मैन शो

माइथोलॉजिकल एक्शन का अनूठा संसार... कांतारा चैप्टर-1



कांतारा चैप्टर-1' दंतकथा पर आधारित सिनेमा का एक नया संसार रचती है। मशहूर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने इसे 'मास्टरपीस' करार देते हुए कहा, ‘भारतीय सिनेमा ने ऐसा पहले कभी नहीं [illegible]। यह एक सिनेमाई [illegible] जो दिव्य और अडिग है [illegible] वन-मैन शो पेश किया है, जिसे उन्होंने अकेले ही गढ़ा और निभाया।' संदीप रेड्डी वांगा के अलावा सुपरस्टार यश समेत कई हस्तियों ने 'कांतारा चैप्टर-1' की तारीफ की है।

कहानी भी अनूठी

सबसे खास बात यह है कि यह वहीं से शुरू होती है, जहां पिछला भाग समाप्त हुआ था। कहानी एक सवाल से शुरू होती है, जब एक बच्चा पूछता है, ‘शिवा, उसके पिता, और उनसे पहले की पीढ़ियों में भूत-कोला करने वाले जंगल की उस अंधेरी जगह पर ही क्यों गायब हो जाते हैं?' इस बार कहानी उस दंतकथा में गहराई तक उतरती है। यह जंगल और राजा के दौर में ले जाती है।

बजट और स्क्रीनप्ले

इस फिल्म का बजट करीब 125 करोड़ रुपए है। 2 घंटे 48 मिनट का स्क्रीनप्ले इतना आकर्षक और रोमांचक है कि यह सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की गहरी जड़ों को दर्शाता है। गुलिगा देव और पंच स्वरूप के दृश्य रोंगटे खड़े कर देते हैं। खास तौर पर क्लाइमेक्स सीन, जिसमें चामुंडी देवी का रूप दिखाया है।



फिल्मांकन

सिनेमैटोग्राफी ने अभिनय के साथ शानदार जुगलबंदी की है। साउथ की फिल्में अपनी विजुअल खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं, और इस फिल्म में जंगल, पहाड़, और वादियों की कोई कमी नहीं है। एक्शन दृश्यों की कोरियोग्राफी बेहद शानदार और नवीन है। कई एक्शन दृश्य सिंगल टेक में शूट किए गए हैं।

रेटिंग ★★★★ रन टाइम: 2 घंटे 48 मिनट

- **कास्ट:** ऋषभ शेट्टी, रुक्मिणी वसंत, गुलशन देवैया, जयराम, प्रमोद शेट्टी
- **लेखक:** ऋषभ शेट्टी व अन्य
- **निर्देशक:** ऋषभ शेट्टी
- **जोनर:** माइथोलॉजिकल एक्शन

रेटिंग चार्ट


आइएमडीबी रेटिंग:	4.4 स्टार
मीडिया रेटिंग:	4.0 स्टार
सोशल मीडिया:	4.5 स्टार
कोईमोई:	4.0 स्टार

सभी कलाकारों ने दिखाया टेलेंट

ऋषभ इस फिल्म की जान हैं, जैसा कि वे पिछले भाग में थे। उनका स्क्रीन प्रजेंस अनूठा है। एक्शन दृश्यों में भी वे कमाल कर जाते हैं। रुद्र गुलिगा के रूप में उनका अभिनय रोंगटे खड़े कर देता है। उनकी अभिनय क्षमता का कोई मुकाबला नहीं। रुक्मिणी फिल्म में खूबसूरत लगी हैं और उन्होंने एक्शन दृश्यों में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। गुलशन देवैया ने भी अपने किरदार को बखूबी निभाया है। जयराम और प्रमोद शेट्टी ने भी प्रभावी योगदान दिया है।

दर्शकों का रिएक्शन: इस माइथोलॉजिकल-एक्शन फिल्म को सिनेमाघरों में देखकर दर्शक इसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। हरीसिंह और विनोद जैसे दर्शकों ने कहा कि ऋषभ शेट्टी ने कहानी को पर्दे पर जीवंत कर दिया। कुछ दर्शकों ने इसे ‘जबरदस्त सिनेमैटिक अनुभव और अभी तक की सबसे शानदार फिल्म' बताया है। दर्शकों ने इसे पूरे नंबर दिए हैं।

एक्ट्रेस स्वीनी को बॉलीवुड से 530 करोड़ का ऑफर!



सिडनी स्वीनी प्रसिद्ध अमरीकी स्टार हैं। बताया जा रहा है कि वे बॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की एक प्रोडक्शन कंपनी उनकी अंतरराष्ट्रीय छवि का लाभ उठाना चाहती है। इसलिए उन्हें फिल्म के लिए 45 मिलियन पाउंड यानी 530 करोड़ रुपए का ऑफर दिया है, जिसमें 415 करोड़ फीस व 115 करोड़ रुपए की स्पॉन्सरशिप के शामिल है। यह भारत की अब तक की सबसे महंगी फिल्म होगी।

मूवी एक लव स्टोरी

सिडनी एक अमरीकी स्टार का किरदार निभाएंगी, जिसे एक भारतीय सेलिब्रिटी से प्यार हो जाता है। शूटिंग के बारे में कहा जा रहा है कि यह साल 2026 में शुरू होगी और लंदन, दुबई, न्यूयॉर्क और पेरिस में फिल्माई जाएगी।

हॉलीवुड स्टार

एआइ से 18 साल का दिखना चाहते थे सिल्वेस्टर

द वाशिंगटन पोस्ट
विशेष अनुबंध के तहत



अमरीकी अभिनेता और फिल्म निर्माता सिल्वेस्टर स्टेलोन को किरदार जॉन रैम्बो के लिए जाना जाता है। दशकों से वे रैम्बो फ्रेंचाइजी की फिल्मों में इस किरदार को निभाते आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे एक बार फिर इस किरदार को निभाना चाहते हैं।

सिल्वेस्टर चाहते थे कि रैम्बो फ्रेंचाइजी का एक प्रीक्वल बने, जिसमें वे एक 18 साल के लड़के का किरदार निभाएं। इसके लिए वे एआइ के जरिए किरदार की उम्र कम करना चाहते थे। हालांकि, यह विचार लोगों को पसंद नहीं आया। सिल्वेस्टर ने कहा कि जॉन रैम्बो का किरदार निभाना किसी भी अभिनेता के लिए आसान नहीं है, क्योंकि यह बहुत चुनौतीपूर्ण है। वे चाहते हैं कि रैम्बो का प्रीक्वल डॉक्यूमेंट्री शैली में बने, जिसमें दिखाया जाए कि वे रैम्बो क्यों बने। इसकी शुरुआत वे खुद करना चाहते हैं।

आपको बता दें कि रैम्बो फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 'फर्स्ट ब्लड' साल 1982 में रिलीज हुई थी। इसका पांचवां हिस्सा साल 2019 में रिलीज हुआ, जिसमें सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अहम किरदार निभाया। हाल में वे टेलर शेरिडन की 'तुलसा किंग' सीजन-3 में नजर आए थे। वे 5 मई 2026 को अपनी आत्मकथा 'द स्टेप्स' प्रस्तुत करने के लिए तैयार हैं।

चर्चित किस्सा

कुख्यात रंगा-बिल्ला की हिट लिस्ट में थे बॉबी!



धर्मेंद्र के छोटे बेटे होने के कारण बॉबी देओल हमेशा से ही एक लोकप्रिय स्टारकिड रहे हैं। उनकी इसी लोकप्रियता की वजह से वह 1978 में दो बच्चों के अपहरण के मामले में फांसी पर चढ़ाए गए कुख्यात अपराधी रंगा (कुलजीत सिंह) और बिल्ला (जसबीर सिंह) की हिट लिस्ट में भी आ गए थे। उन दिनों रंगा-बिल्ला अपराध की दुनिया की ऐसी जोड़ी थी, जिनके नाम से ही लोग कांप उठते थे।

खुद ने बताया किस्सा: एक पॉडकास्ट में बॉबी ने बताया कि जब वह कक्षा 6 में थे, उनके एक दोस्त का रंगा-बिल्ला ने अपहरण कर लिया था। हालांकि, बाद में उसे छोड़ दिया था, उसी ने बताया था कि उन अपराधियों की लिस्ट में उनका भी नाम है। इसके बाद धर्मेंद्र भी बॉबी की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित रहने लगे थे, जिस वजह से उनका बचपन बहुत पाबंदियों में गुजरा। बॉबी इन दिनों शाहरुख के बेटे आर्यन की पहली वेब सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं।

अवॉर्ड इवेंट

दिलजीत और इम्तियाज को मिला इस वर्ष एमी नॉमिनेशन



एक्टर-सिंगर दिलजीत दोसांझ और डायरेक्टर इम्तियाज अली को 'अमर सिंह चमकीला' के लिए एमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। इससे पहले साल 2023 में कॉमेडियन और एक्टर वीर दास स्पेशल कॉमेडी स्पेशल के लिए एमी अवॉर्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। साल 2020 में एक्टर अर्जुन माथुर को 'मेड इन हेवन' के लिए बेस्ट एक्टर की कैटेगरी में भारत का पहला इंटरनेशनल एमी नॉमिनेशन मिला था।

डायरेक्टर टॉक... राहा के पास लग्जरी वैनिटी वैन... बॉलीवुड का नया ट्रेंड

फिल्म इंडस्ट्री में सितारों की लग्जरी लाइफस्टाइल अक्सर चर्चा का विषय बनती है, लेकिन अब बड़े स्टार कपल की एक स्टार डॉटर को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।

दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने बताया है कि अब बॉलीवुड में स्टारकिड्स के लिए भी वैनिटी वैन का चलन शुरू हो गया है। भट्ट ने बताया कि उनकी नातिन राहा, जो आलिया और रणबीर कपूर की बेटी हैं के पास अपनी खुद की वैनिटी वैन है। राहा जब भी आलिया के साथ सेट पर जाती है, तो अपना समय अपनी वैनिटी वैन में ही बिताती है। राहा की यह वैनिटी वैन किसी नर्सरी की तरह दिखती है।

नाना ने सुनाई कहानी...

भट्ट ने कहा, ‘मैंने हाल ही में आलिया और अमिताभ बच्चन के साथ एक विज्ञापन शूट किया था। मैंने देखा कि वहां राहा के लिए एक वैनिटी थी। आलिया ने मुझसे कहा भी कि 'पापा जाओ और राहा के रूम में बैठ जाओ', लेकिन मैंने मना कर दिया। मैं उसे गंदा नहीं करना चाहता था। उसकी वैनिटी वैन में नर्सरी स्कूल जैसी फीलिंग आती है। वहां एक बूढ़े इंसान के लिए कोई जगह नहीं है।'



सेलेब टॉक

जैसे ही मैंने गाना शुरू किया मेरे भीतर शक्ति की लहर दौड़ गई



इस गीत को आदिल और प्रशांत ने संगीतबद्ध किया है

जावेद अली

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

शो 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में मशहूर पार्श्व गायक जावेद अली ने एक एंथम को अपनी आवाज दी है, जो भक्ति, दिव्यता और भावनाओं की गहराई को दर्शाता है। जावेद ने बताया कि यह गाना उनके लिए एक आत्मिक और अविस्मरणीय अनुभव रहा। यह गीत शुरुआत से ही माहौल और ऊर्जा बनाता है, जो दर्शकों में उत्साह जगाता है। इसकी भक्ति -भावना दर्शकों को अपनी ओर खींचती है, वहीं इसकी ऊर्जा उन्हें प्रेरित करती है। इसका उद्देश्य जिज्ञासा जगाना और श्रद्धा का भाव पैदा करना है, जो दर्शकों के मन में गहराई से गूंजेगा।

बोल और धुन में दिव्यता व ऊर्जा

इस गीत को आदिल और प्रशांत ने संगीतबद्ध किया है, और अंशुमाली झा ने बोल लिखे हैं। जावेद ने कहा, ‘जैसे ही मैंने गाना शुरू किया, मेरे भीतर भक्ति की लहर दौड़ गई। इसके बोल और धुन में एक खास दिव्यता और ऊर्जा है, जिसने इस अनुभव को मेरे लिए गहराई से आध्यात्मिक बना दिया।'

पौराणिक गीत का अनुभव: जावेद ने बताया कि वे अलग-अलग शैलियों में गाते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि सारा संगीत एक ही दिव्य शक्ति से प्रवाहित होता है। उन्होंने पहले भी भक्ति गीत गाए हैं और हाल में उनके एक भक्ति गीत को बहुत प्यार मिला, जिससे वे खुद को धन्य मानते हैं। इसका गाना एक अलग अनुभव रहा, क्योंकि आदिल-प्रशांत ने इसे समकालीन अंदाज के साथ भक्ति की अनुभूति दी है, जो शो के साथ खूबसूरती से जुड़ता है।



जैस्मिन का नया गाना ‘पोल्स’

जैस्मिन सैंडलस को 'यार ना मिले' (किक) और 'तरस नई आया' (मुंज्या) जैसे चार्टबस्टर गानों के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपना नया इंडिपेंडेंट सिंगल 'पोल्स' रिलीज किया है। जैस्मिन ने कहा, ‘पोल्स, मेरे लिए एक बिल्कुल नई शुरुआत है, जैसे एक कलाकार के रूप में मेरा पुनर्जन्म हुआ हो। इसमें एक डेब्यू सॉन्ग जैसी ऊर्जा और ताजगी है, भले ही मैंने 2008 में अपना पहला ट्रैक ‘मुस्कान' रिलीज किया था। यह गाना रचनात्मक उत्साह और खोज से भरी एक नई यात्रा की शुरुआत है।' उन्होंने बताया, ‘इसका डांस स्टाइल हिप-हॉप है और मैंने हुक स्टेप सेट पर ही सीखा। यह एक बहुत ही ऑर्गेनिक और मजेदार प्रक्रिया थी। गाने के बोल श्लोक लाल, मैंडी गिल और हरजोत कौर ने लिखे हैं। वीडियो की शूटिंग एक दिन में पूरी हुई और मैंने सेट पर हर डिटेल को समझा। इसे जेल के अंदर सेट किया गया, जहां मैंने विद्रोही, बेफिक्र अपराधी का किरदार निभाया है।

‘जटाधारा' से लुक

खलनायिका बनी सोनाक्षी सिन्हा



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

बहुप्रतीक्षित पौराणिक स्पेक्टेकल फिल्म 'जटाधारा' के जरिए सोनाक्षी सिन्हा तेलुगू सिनेमा में कदम रख रही हैं। वे इस फिल्म में पहली बार खलनायिका के रूप में नज़र आएंगी। उनका किरदार ‘धन पिशाचिनी' न केवल नकारात्मक है, बल्कि बेहद शक्तिशाली और दमदार भी है। 'जटाधारा' की कहानी काले जादू की रहस्यमयी दुनिया की झांकी पेश करती है, जहां तंत्र-मंत्र, गुप्त अनुष्ठान और प्राचीन श्राप आस्था और भय की सीमाओं को दर्शाते हैं। सोनाक्षी का किरदार तंत्र और तांत्रिक शक्तियों से जन्मी एक भयावह सत्ता का है, जो कहानी को गहराई और नया आयाम देता है। हाल ही में दुर्गा पूजा के अवसर पर रिलीज हुआ सोनाक्षी का गाना ‘धन पिशाची' (हिंदी और तेलुगू में) पहले ही फिल्म के रहस्य और रोमांच को बढ़ा चुका है।

ट्रेलर रिव्यू

‘भागवत चैप्टर 1 राक्षस' में अरशद पर भारी पड़े जितेंद्र



अरशद वारसी फिर से पुलिस अधिकारी के किरदार में

पंचायत वेब सीरीज से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले जितेंद्र कुमार की आगामी फिल्म 'भागवत चैप्टर 1: राक्षस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में जितेंद्र पहली बार अपने किरदार से विलेन वाला एहसास कराते नजर आ रहे हैं। अरशद वारसी भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं और एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं। ट्रेलर की शुरुआत भागवत (अरशद) से होती है, जिसे क्राइम ब्रांच से हटाकर रॉबर्ट्सगंज ट्रांसफर किया जाता है। यहां उनकी मुलाकात एक लाचार पिता से होती है, जो अपनी लापता बेटी को ढूंढ़ने के लिए मदद मांगता है। भागवत जांच शुरू करता है और समीर (जितेंद्र) को गिरफ्तार करता है। मामला अदालत तक पहुंचता है। ट्रेलर में समीर का आत्मविश्वास यह स्पष्ट नहीं होने देता कि वह पीड़ित है या अपराधी। ट्रेलर देखने के बाद कहा जा सकता है कि अरशद के मुकाबले जितेंद्र अधिक दमदार लगे हैं। कई जगहों पर वे विक्रांत मैसी के ‘सेक्टर 36' वाले किरदार की याद दिलाते हैं।

वायरल पिक्चर्स

नी-हाई बूट्स और फॉक्स फर का जलवा

अभिनेत्रियों ने दिखाई लेटेस्ट स्टाइल्स

फैशन एक लगातार विकसित होने वाला कैनवास है, लेकिन कुछ लुक्स ऐसे होते हैं, जो हमेशा अमर रहते हैं और टाइमलेस क्लासिक स्टाइल स्टेटमेंट बन जाते हैं। कुछ स्टाइलिंग ट्रिक्स ऐसी होती हैं, जो हर बार काम करती हैं।



मौनी रॉय ने नी-हाई बूट्स को स्टाइलिश बनाने का सबसे बेहतरीन हथियार बनाया है। उनके ब्लैक नी-हाई बूट्स प्रिंटेड ड्रेस को संतुलित करते हुए एक शानदार एज जोड़ते हैं, जो डे-लुक को इवनिंग ग्लैमर में बदल देता है।



रश्मिका मंदाना का स्लीक ब्लू-ब्लैक आउटफिट, जिसमें स्ट्रक्चर्ड वेस्ट-स्टाइल टॉप और स्टेटमेंट नी-हाई बूट्स शामिल हैं, एक ऐसा सिल्हूट बनाता है, जो आत्मविश्वास और क्लास का मिश्रण है।



तमन्ना भाटिया ने काउ-प्रिंट आउटफिट के ऊपर ड्रामेटिक फ्रिंज्ड कोट पहनकर कमाल किया है। उनका लुक एक चलता-फिरता फैशन थिएटर है, जो दिखाता है कि स्टेटमेंट आउटरवेयर किसी भी साधारण आउटफिट को फैशन के एक यादगार पल में कैसे बदल सकता है।

रीजनल मूवी डेब्यू

‘टेक केयर भालोबासा' से सुशोभन का बड़े पर्दे पर डेब्यू

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

चार दोस्तों के रिश्तों पर आधारित बंगाली फिल्म ‘टेक केयर भालोबासा' से अभिनेता सुशोभन सोनू राय बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में वे जय नामक किरदार निभा रहे हैं। कई ऑडिशनों में भाग लेने के बाद, सुशोभन ने 2019 में टीवी शो ‘आनंदमयी मां' में एक वैष्णव भक्त की भूमिका के साथ अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वे ‘मोहर' और ‘कोरापाखी' में नजर आए, जहां उन्होंने अभिनेत्री परनो मित्रा के साथ एक नकारात्मक किरदार निभाया। उन्होंने हिट शोज ‘जमुना ढाकी', ‘तितली और खेलाघर' में भी बेहद महत्त्वपूर्ण किरदार निभाए। सुशोभन का अभिनय सफर निर्देशक पीयूष साहा के नेतृत्व में एक कार्यशाला से शुरू हुआ, जहां उन्होंने लगभग डेढ़ साल तक प्रशिक्षण लिया।



पढ़ाई के साथ डांस का लिया प्रशिक्षण: सुशोभन का जन्म हावड़ा में हुआ और उनका पालन-पोषण कोलकाता और गुवाहाटी में हुआ। उन्होंने वाणिज्य स्नातक की डिग्री हासिल की। पढ़ाई के साथ-साथ, उन्होंने पश्चिमी नृत्य का प्रशिक्षण लिया और मंच प्रदर्शनों में हिस्सा लिया।